हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 12 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री


कृषि विभाग ने किसानों को बांटे सरसों बीज

2

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने रोहित बर्मन को किया जिलाबदर

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जन्मेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के प्रस्ताव पर गौरी उर्फ रोहित बर्मन को जिला बदर किया है। जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों एवं निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए गौरी उर्फ रोहित बर्मन, पिता घनाराम बर्मन, निवासी कोसा, थाना मुलमुला को जांजगीर-चांपा जिला एवं सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, बालौदा बाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 1 वर्ष की कालावधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है।

### शिवरीनारायण मठ में भागवत कथा 17 से

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण में प्रतिवर्षानुसार शिवरीनारायण मठ महोत्सव के परिपेक्ष में आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की तैयारी जोरों से चल रही है। श्री शिवरीनारायण मठ मंदिर के प्रांगण में मंच निर्माण एवं साज- सज्जा का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष यह आयोजन 17 नवंबर तदनुसार मार्ग शीर्ष अगहन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी सोमवार से 25 नवंबर मार्गशीर्ष अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी मंगलवार तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तथा अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन प्रसाद एवं ठहरने की व्यवस्था है। व्यास पीठ पर विराजित होने के लिए आचार्य बेला रामकोट अयोध्या से अनंत श्री विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य महाराज का आगमन होगा। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास एवं भगवान शिवरीनारायण मठ मंदिर न्यास के सभी सदस्यों ने श्रद्धालुओं को पहंचने की अपील की है।

### डीडीएस संकुल में सम्मान समारोह 15 को

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा में शनिवार 15 नवंबर को दोपहर 12 बजे से नवनियुक्त जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा हरिराम जयसवाल का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस संबंध में डीडीएस संकुल के संकुल समन्वयक लखन लाल कश्यप ने बताया कि 15 नवंबर शनिवार को दोपहर 12 बजे से संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा में सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। इस दौरान जांजगीर चांपा जिला के नवनियुक्त जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरिराम जयसवाल का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा एवं संकुल केंद्र बिर्रा और संकुल केंद्र सिलादेही तीनों संकुल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।

### खेलने के दौरान तालाब में डूबने से मासूम की मौत

**मालखरौदा।** खेलने के दौरान तालाब में डूबने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मालखरौदा निवासी विकास नवरंग की डेढ़ वर्षीय पुत्री यूंनर नवरंग 10 नवंबर को अचानक शाम 4 बजे के लगभग खेलते खेलते कहीं चली गई। काफी खोजने पर भी नहीं मिला। ऐसे में एक व्यक्ति को घर के ही कुछ दूरी पर स्थित पिपराही तालाब में डूबने से बच्चे की मौत की जानकारी हुई, उसके बाद घर वाले तसल्ली के लिए शाम को ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टरों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

# छात्रावास में अधीक्षक नहीं, आंबा में बच्चों की उपस्थिति नगण्य, स्कूल में गुणवत्ताहीन मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

## खाद्य आयोग की टीम ने औचक निरीक्षण में जानी हकीकत



जिले में संचालित अनुसूचित जाति, जनजाति, पोस्ट व प्री मैट्रिक छात्रावास , आंगनबाड़ी केन्द्र और स्कूलों में शासन की योजनाओं का हाल जानने राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष की टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रावास में अधीक्षक और शिक्षिका अनुपस्थित मिले तो आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज 14 में से 4 बच्चे ही मिले। इसके अलावा स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिली।

राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा जिले के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने अपनी टीम के साथ नगर पंचायत खरौद में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 9 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां दर्ज 14 बच्चों में से 4 बजे ही उपस्थित पाए गए। केन्द्र में साफ सफाई की भी स्थिति बदतर रही। ऐसे में उन्होंने केन्द्र में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने और पात्रता अनुसार बच्चों को पोषण आहार प्रदान करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला खरौद का निरीक्षण किया। वहां दाल और सब्जी की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने अंसतोष जाहिर किया। बच्चों से चर्चा करने पर बच्चों ने भी मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता अच्छी नहीं होने की शिकायत की। जिस पर आयोग के अध्यक्ष ने तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी और स्कूल के बाद उन्होंने शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक एवं कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक और वहां की एक शिक्षिका अनुपस्थित मिली। उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। छात्रावास में पुराना चावल रखा हुआ था, उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए सेंपल भी लिया गया। इसके साथ ही भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए गए।

अफसरों की ली बैठक

जिले के दौरे पर पहुंचे खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने कलेक्टोरेट में अफसरों की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मध्यान्ह भोजन योजना, पूरक पोषण आहार और छात्रावास में खाद्यान्न आधारित योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान छात्रावास और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पाई गई खामियों को लेकर भी अफसरों को सख्त लहजे में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत संचालित दुकानों में प्रत्येक माह समय पर राशन पहुंचने और वितरण कराने को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। शिकायत एवं सुझाव के लिए विभागीय कॉल सेंटर नंबर दुकानों में प्रदर्शित करने निर्देशित किया।

## रबी के लिए मिलेगा पानी, जिला जल उपयोगिता समिति में हुआ निर्णय

# छूटेगी हसदेव बांगो की धार गर्मी में लहलहाएगी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





लहलहाती धान की फसल तथा हसदेव बांगो डेम।

कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले में गर्मी के दिनों में भी फसल लहलहाएगी। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार रबी फसल के लिए 5 जनवरी से हसदेव बांगो नहर की धार छूटेगी। पानी 20 अप्रैल तक दिया जाएगा। इस दौरान किसान अपनी सुविधा अनुसार फसल लगाएंगे।

गौरतलब है कि 90 प्रतिशत सिंचित जांजगीर चांपा जिले में पिछले कई सालों से रबी की फसल लगाई जा रही है। इस बार भी बांध में पर्याप्त पानी को देखते हुए रबी के लिए पानी की मांग हो रही थी। हालांकि जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक विलंब होने के कारण इसमें निर्णय नहीं हो पा रहा था। आखिरकार जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में रबी फसल के पानी पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिले के जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, शशांक सिंह ने बताया कि जिन क्षेत्रों में नहर मरम्मत कार्य जारी है, वहां मरम्मत पूरी होने के बाद ही पानी छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि बायीं तट नहर प्रणाली एवं दायीं तट नहर प्रणाली की अकलतरा शाखा नहर ग्राम पामगढ़ से 32 किलोमीटर के नीचे में पानी पूरी तरह बंद रहेगा, जबकि जांजगीर शाखा नहर के तहत मुड़पार शाखा नहर (8 किलोमीटर तक ग्राम सेमरा तक) और नवागढ़ शाखा नहर 16 किलोमीटर तक ग्राम खैरताल तक में पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा तालाबों को भरने के लिए भी निर्धारित अवधि में निस्तारी जल छोड़ा जाएगा, ताकि पशुधन और घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहे। किसानों के लिए प्रस्तावित गांवों और सिंचाई योग्य रकबे की सूची जल संसाधन विभाग के कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि रबी फसल सिंचाई के लिए 5 जनवरी 2026 से 20 अप्रैल 2026 तक पानी छोड़ा जाएगा, जिससे जिले के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्री महोबे ने कृषि विभाग और बीज निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तावित रकबे के अनुसार रबी फसल कार्यक्रम की तैयारी करें, ताकि हर किसान को समय पर पानी और बीज की सुविधा मिल सके।बैठक में अधीक्षण अभियंता केलो मंडल ए.एल. कुर्रे, उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत, उपप्रबंधक बीज निगम श्रीमती नम्रता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजीनियर सत्यलता आनंद मिरी, उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, गुलाब सिंह चंदेल, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश शर्मा, संदीप तिवारी, दुष्यंत सिंह और कोमल पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# न्यायालय ले जाते आरोपी ने पुलिस को दिया चकमा और हो गया फरार

## दो पुलिसकर्मियों पर गिरी निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



मालखरौदा पुलिस की बड़ी लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। जांजगीर न्यायालय में पेशी के लिए ले जाया जा रहा एक आदतन अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। वहीं घटना के बाद जिम्मेदार दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी उमाशंकर साहू आदतन बदमाश है। मालखरौदा पुलिस ने एट्रोसिटी एक्ट के तहत उसे 11 नवंबर को गिरफ्तार कर चालान पेश करने के लिए जांजगीर न्यायालय ले जाया गया था। इसी दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि उमाशंकर साहू के खिलाफ पहले से कुल 16 आपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम उमाशंकर साहू की तलाश में जुट गई है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। लापरवाही के मामले में मालखरौदा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार तिवारी और आरक्षक रामकुमार जगत को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विभागीय जांच भी जारी है। पुलिस अधिकारियों ने उमाशंकर साहू के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करने की अपील की है। आदतन अपराधी के फरार होने की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए और सख्त निगरानी की आवश्यकता है। आरोपी द्वारा जांजगीर न्यायालय के भाग जाने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम उमाशंकर साहू की तलाश में जुट गई है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### पुलिस ने की जिला बदर कार्रवाई की अनुशंसा

जांजगीर न्यायालय में पेशी के लिए ले जाया जा रहा एक आदतन अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस प्रशासन ने आरोपी उमाशंकर साहू को जिला बदर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। बताया जा रहा है कि आदतन आरोपी उमाशंकर साहू के खिलाफ पहले से कुल 16 आपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मंगलवार 11 नवंबर को आरोपी को एक्ट्रोसिटी मामले में गिरफ्तार करते हुए जांजगीर न्यायालय में पेशी के लिए ले जाया जा रहा था। इस दौरान आरोपी द्वारा पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। आरोपी के खिलाफ कुल 16 आपराधिक प्रकरण भी चल रहे है। ऐसे में पुलिस द्वारा आरोपी को जिला बदर की अनुशंसा की है।

### चल रही तलाश

आरोपी उमाशंकर साहू की तलाश की जा रही है और उसके संभावित ठिकानों पर पुलिस की टीमें भेजी गई हैं। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लापरवाही के मामले में मालखरौदा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार तिवारी और आरक्षक रामकुमार जगत को निलंबित कर दिया गया है।

-हरीश यादव,
एएसपी सक्ती

# अंकसूची जांच के बाद डेढ़ साल कम मिली वधु की आयु



**जांजगीर-चांपा।** बाल विवाह की सूचना पाते ही महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम हरकत में आई और ग्राम कमरीद जाकर नाबालिग का विवाह रूकवाया गया।

मंगलवार 11 नवंबर को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल और जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व एवं पुलिस विभाग के सहयोग से ग्राम कमरीद में बाल विवाह रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि विकासखंड पामगढ़ के ग्राम कमरीद में बालिका के घर जाकर उसके अंकसूची की जांच किया गया, जहां बालिका की उम्र 16 वर्ष 5 माह होना पाया गया, जो कि विवाह हेतु निर्धारित उम्र से कम था। विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बालिका व उनके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा समझाईश दी गई। साथ ही स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालिका के माता-पिता की सहमति से बालिका का विवाह को रोका गया।

# ज्वेलरी दुकान से दिनदहाड़े 36 लाख के जेवरात पार, हो रही खोजबीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद




वह दुकान जहां से हुई चोरी।

खरौद स्थित ज्वेलरी दुकान से दिनदहाड़े 36 लाख रुपए के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 10 नवंबर की दोपहर 3 बजे सुकुल पारा खरौद, थाना शिवरीनारायण मे एस के ज्वेलरी शॉप मे लाल बैग वाले आदमी द्वारा सोने की चेन देखने के दोरान कुछ सोने की चैन वाला डिब्बा उठाकर भाग गया। इस दौरान एक आदमी बाइक मे बाहर था। खरौद नगर में स्थित एस के ज्वेलर्स की दुकान पर सोमवार को दिनदहाड़े दो शातिर युवकों ने ग्राहक बनकर प्रवेश किया और मौका पाते ही 36 लाख रुपये की सोने की चेन से भरा डिब्बा लेकर फरार हो गए। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एसकेज्वेलर्स के संचालक ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 3 बजे दो युवक उनकी दुकान पर सोने का सामान खरीदने के बहाने आए। उन्होंने पहले कुछ छोटी-मोटी चीजें देखीं और खरीदीं, जिससे दुकानदार का विश्वास जीता। दुकानदार ने जैसे ही चेन से भरा डिब्बा बाहर निकाला। इसी दौरान, उनमें से एक युवक ने बड़ी सफाई से चेन का एक डिब्बा उठाया और दोनों युवक अचानक दुकान से बाहर निकलकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार हो गए। दुकानदार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## रेलवे स्टेशन, होटल, ढाबा, भीड़ वाली जगह व संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर

# दिल्ली बम धमाके की घटना को लेकर पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में जांच करने पहुंची पुलिस टीम।

दिल्ली बम धमाके की घटना को लेकर जिला पुलिस प्रशासन एक्शन मोड पर आ गया है। जिसके तहत रेलवे स्टेशन, होटल, लॉज, ढाबा, बस स्टैण्ड की जांच एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 11 नवंबर को सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए रेलवे स्टेशन, होटल, लॉज, ढाबा, बस स्टैंड, भीड़ भाड़ जगहों पर सघन चेंकिंग की जा रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर रखी जा रही है। इसके अलावा सतत निगरानी रखते हुए लगातार पेट्रोलिंग भी की जा रही है। दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद जिला पुलिस प्रशासन द्वारा इस तरह की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी प्रकार से अप्रिय घटना, जनहानि ना हो एवं लुट, चोरी आदि की घटना ना हो जिसको मद्देनजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में तथा चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार एवं सीएसपी योगिताबाली खापर्डे के नेतृव में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा जिले के होटल, लाज, ढाबा, बस स्टैंड, भीड़ भाड़ जगहों, रेलवे स्टेशन चम्पा, नैला की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान स्टेशन तथा सभी प्लेटफार्म में उपस्थित व ट्रेन से आने वाले सभी यात्रियों की सघन जाँच की गई। इसके अलावा अकलतरा रेलवे स्टेशन में भी सघन जांच पड़ताल की गई। इसके साथ ही होटल, ढाबा, भीड़भाड़ वाले जगह, बस स्टैण्ड सहित संदिग्ध व्यक्तियों पर भी पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है। ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# नाबालिग को भगाने में सहयोग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार



नाबालिग को भगाने में सहयोग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना का है।

इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता से दुराचार करने वाले आरोपी देवराज उर्फ धीरज चौहान पिता ताम्रध्वज चौहान उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्रमांक 2 मल्दा थाना कसडोल को 16 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा पीडिता को बसंतपुर थाना बिर्रा निवासी द्वारा बहलाफुसलाकर उसके घर से ले जाकर अपराध में सहयोग करने वाले आरोपी निकेश यादव पिता हरी यादव उम्र 22 साल घटना दिवस से फरार था। मुखबिर की सूचना पर उसके घर में दबिश दी गई। जहां से आरोपी निकेश यादव को बसंतपुर बिर्रा से 11 नवंबर को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र यादव सहित स्टाफ का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### ध्यान योग एवं सत्संग शिविर का सफल आयोजन

**कोरबा।** समर्थ गुरु धारा मैत्री संघ के तत्वावधान में रविवार को कलचुरी जायसवाल भवन में एकदिवसीय ध्यान योग एवं सत्संग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मार्गदर्शन आचार्य मां वंदना एवं आचार्य संतोष ने किया। दोनों आचार्यों ने जिले के प्रतिभागियों को संजीवनी ध्यान, ब्रह्म ध्यान तथा कुण्डलिनी ध्यान साधना जैसी विशेष ध्यान विधियाँ सिखाईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जिन्होंने ध्यान और योग के माध्यम से भागदौड़ भरी जीवनशैली से राहत और तनावमुक्त जीवन का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर सुश्री उपासना ओझा को महिला सशक्तिकरण क्षेत्र में योगदान हेतु वुमन एंपावरमेंट जिला संयोजक नियुक्त किया गया। संगठन द्वारा बताया गया कि मुड़ापार हेलीपैड के पास समर्थगुरु धारा ध्यान केंद्र खोला गया है, जहां प्रत्येक रविवार सुबह 9 बजे से 11 बजे तक ध्यान सत्र आयोजित किया जाता है।

### जिले को मिली 37 करोड़ की सौगात, गौरव पथ बनेगा शहर की नई लाइफलाइन

**कोरबा।** मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत कोरबा शहर के विकास को एक नई दिशा मिलने जा रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्र में लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले गौरव पथ को प्रदेश सरकार ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह गौरव पथ सीएसईबी चौक से जैन चौक तथा आईटीआई चौक से कोसाबाड़ी चौक तक बनाया जाएगा, जिससे शहर में यातायात सुगम होगा और नागरिकों को आधुनिक सड़क सुविधा मिलेगी। महापौर ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सह विधायक लखनलाल देवांगन का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति कोरबा शहर के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। महापौर ने कहा कि गौरव पथ का निर्माण पूरा होने के बाद यह मार्ग कोरबा की लाइफलाइन साबित होगा। शहर के मुख्य व्यावसायिक और आवासीय इलाकों को जोड़ते हुए यह सड़क न केवल यातायात की समस्या को दूर करेगी, बल्कि शहर के सौंदर्य में भी चार चांद लगाएगी। महापौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की ट्रिपल इंजन सरकार केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय मिलकर कोरबा के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में शहर के बुनियादी ढांचे, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण से जुड़ी कई नई योजनाएं भी लागू की जाएंगी।

### कार्यशाला में दी जा रही है एसआईआर की जानकारी



**मड़वारानी।** रामपुर विधानसभा के गढ़ उपरोड़ा मंडल के सतरेंगा मे एसआईआर स्पेशल इंटेसीव रिवीजन की प्रशिक्षण कार्यशाला किया गया। जिला मंत्री भाजपा अजय कंवर मंडल प्रभारी गढ़ उपरोड़ा ने एसआईआर की मंडल स्तरीय बैठक कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष हरिशंकर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष धन सिंह कंवर, अमृत लाल राठिया, जगत राम मँझवार, विश्वनाथ कंवर, श्री रजवाड़े, रामायण, मंडल महामंत्री रामकुमार यादव, पूरन सिंह, माधो सिंह, जीतेन्द्र देवांगन, फिरतन विश्वकर्मा, रोहन कंवर, रितेश, श्रीमति कुंती चंद्रा एवं वरिष्ठ कार्यकर्त्तागण की उपस्थित में गड़ उपरोड़ा मंडल के सभी बूथ अध्यक्षों, बीएलओ एवं कार्यकर्ताओं की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला में सम्मिलित होकर संगठन के समर्पित साथियों के साथ सार्थक संवाद किया। इस कार्यशाला में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के विभिन्न चरणों जैसे मतदाता सूची का अद्यतन, सत्यापन, नए मतदाताओं का नाम जोड़ना तथा त्रुटियों का सुधार पर विस्तार से चर्चा की।

## जिला मुख्यालय में ही होता है मिट्टी परीक्षण का काम

# मिट्टी परीक्षण, बुआई के बाद हुई कटाई भी खत्म पर किसानों तक नहीं पहुंची रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरीफ की फसल के पूर्व मिट्टी परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय की प्रयोग शाला में भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट फसल कटाई तक भी नहीं मिली है। अधिकांश बड़े किसानों के द्वारा ही अपने खेतों की मिट्टी परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया था। रिपोर्ट कार्ड तैयार होने के बाद भी विभाग के ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारी किसानों तक पहुंचाने में रुचि नहीं लेते।

**खास बात**

- सॉइल कार्ड के वितरण में रुचि नहीं ले रहे हैं ब्लाक के अधिकारी

कृषि विभाग द्वारा इस वर्ष 8 हजार सॉइल कार्ड वितरण का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य को लेकर विभाग के द्वारा जिन ब्लॉक मुख्यालय के माध्यम से किसानों के खेतों की मिट्टी के सैंपल संग्रहित किए गए इसका परीक्षण कर रिपोर्ट किसानों को देनी थी ताकि किसान धान की फसल लेने के पूर्व अपने खेत की मिट्टी की गुणवत्ता जान सकें और सही तरीके के खाद कर सकें। इसकी जानकारी किसानों को फसल लेने के पूर्व ही मिल जाती थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।



**सब्जी की खेती के लिए भी बढ़ी है जागरुकता**

धान की फसल के अलावा किसान अन्य अनाज एवं सब्जी की फसल भी लेने लगे हैं। जिसके लिए खाद की आवश्यकता ज्यादा होती है। पिछले कुछ वर्षों से सब्जी की फसल लेने वाले किसानों की संख्या बढ़ी है। ऐसे किसानों के द्वारा खाद का उपयोग ज्यादा किया जाता है और यही किसान अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराते हैं। इससे बीते कुछ वर्षों से जिले के एकमात्र मिट्टी परीक्षण प्रयोग शाला में काम का दबाव भी बढ़ा है।

जिले के बड़े किसान जिन्हें प्रगतिशील किसान की श्रेणी में रखा जाता है उनके द्वारा स्वयं अपनी जागरुकता दिखाते हुए जिला कार्यालय से ही मिट्टी सैंपल की रिपोर्ट ली गई लेकिन ऐसे छोटे किसान जो दूर होने की वजह से जिला मुख्यालय नहीं आ सकते वह ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारियों पर ही निर्भर रहते हैं अधिकारियों की उदासीनता से उन तक सॉइल कार्ड नहीं पहुंच सका। विभाग इस बात को स्वीकारता है उसकी मानें तो रबी की फसल के पूर्व किसानों तक सॉइल कार्ड पहुंच जाएगा।

**समाधान शिविर में होता था इसका वितरण**


खेतों की मिट्टी परीक्षण की रिपोर्ट कार्ड का वितरण जिला प्रशासन द्वारा लगाए जाने वाले समाधान शिविर में हमेशा किया जाता रहा है इससे किसानों को उनके गांव में ही सॉइल कार्ड मिल जाता था किंतु बीते 8 माह से समाधान शिविर नहीं लगने के कारण सॉइल कार्ड का वितरण बंद पड़ा हुआ है। ब्लॉक मुख्यालय के ऊपर ही इनके वितरण की जिम्मेदारी है। जो पूरी नहीं हो पाती।

**8 हजार का लक्ष्य हुआ पूरा**

8 हजार सॉइल कार्ड का वितरण करना था। इसके लक्ष्य को लेकर किसानों द्वारा लाए गए मिट्टी के सैंपल का परीक्षण हुआ है। जिला मुख्यालय के कार्यालय में सॉइल कार्ड बनकर तैयार है। ब्लाक मुख्यालय के अमले द्वारा नहीं ले जाए जाने के कारण किसानों तक कार्ड नहीं पहुंचा होगा।

-**डी पी एस कंवर,** उप संचालक कृषि विभाग

# कृषि विभाग ने किसानों को बांटे सरसों बीज



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत पोड़ीखुर्द में शुक्रवार को कृषि विभाग ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दर्जनों किसानों को निशुल्क मिनी सरसों का बीज वितरण किया। यह वितरण पंचायत कार्यालय भवन में दोपहर को किया गया। योजना के तहत प्रति एकड़ दो किलो बीज उपलब्ध कराया गया तथा इसका लाभ उठाने के लिए पंजीकृत किसानों को अपने खेतों के इंतखाब, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य बताया गया। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीकरण वाले किसान इस निशुल्क योजना से वंचित रह जाएंगे।

पोड़ी उपरोड़ा स्थित कृषि विभाग के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अखिलेश कुमार देवांगन ने बताया कि विभाग को राष्ट्रीय बीज निगम से किसानों को वितरण हेतु सरसो बीज मिला है। इस बीज को उप संचालक कृषि विभाग कोरबा के मार्गदर्शन में आरईओ (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) के माध्यम से निशुल्क रूप से वितरण कर रहे है, साथ ही किसानों को उन्नत खेती करने की सलाह भी दे रहे है। उन्होंने आगे बताया कि पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के किसान ज्यादातर धान की खेती करते है। किसानों का रुझान गेहूं का उपज लेने के साथ शरदकालीन सहफसली सरसो की खेती के प्रति करने के लिए निशुल्क बीज दिया जा रहा है। इस बीज की खासियत है कि इसे पानी की अधिक जरूरत भी नही पड़ती और अधिकाधिक उपज होती है। जिससे किसानों की अतिरिक्त आय बढ़ेगी। प्रभारी अधिकारी के मुताबित बीज वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही नही हो, इसके लिए वह मॉनिटरिंग कर रहे है। पोड़ीखुर्द पंचायत कार्यालय भवन में सरसो बीज वितरण के दौरान बड़ी संख्या में किसानों को बीज मिला, जिससे उनके चेहरे पर खुशी दिखी।

# सुतर्रा कटघोरा बायपास मार्ग की हालत जर्जर, हादसे का बढ़ा खतरा



जर्जर सुतर्रा कटघोरा बायपास मार्ग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा से गुजरने वाली कटघोरा सुतर्रा बायपास मार्ग की स्थिति भारी वाहनों के आवागमन से जर्जर हो चली है। राखड़ व कोयला लेकर चलने वाले भारी वाहनों से उठ रहे धूल के गुबार के कारण आम नागरिकों का आवागमन करना मुश्किल हो गया है। वहीं स्वास्थ्य पर भी धूल प्रदूषण का प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों के मांग पर शीघ्र ही मरम्मत व पुर्ननिर्माण का आश्वासन दिया गया था किंतु आज तक उक्त कार्य शुरु नहीं हो सके हैं।

**खास बात**

- आश्वासन के बाद भी शुरू नहीं हुआ काम, क्षेत्रवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सुतर्रा-कटघोरा बायपास मार्ग की स्थिति विगत लंबे समय से अत्यंत जर्जर है। उक्त मार्ग से प्रतिदिन अनियमित गति से भारी वाहनों का आवागमन होने से गड्ढों व राखड़ कोयले के धूल गुबार से आमजन, स्कूली बच्चे तथा ग्रामीण लगातार दुर्घटनाओं व स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में सड़क मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया था किंतु आज तक किसी भी प्रकार का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने सुधार कार्य प्रारंभ ना होने की स्थिति पर चक्काजाम करने व सड़क परिवहन मंत्री के पुतला दहन करने की भी चेतावनी दी है।

## चार दिन बाद धान खरीदी हड़ताल से नहीं लौटे कर्मचारी

**कोरबा।** आज से 4 दिन बाद 15 नवंबर से धान खरीदी शुरु हो जाएगी और अब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे समितियों के कर्मचारियों के हड़ताल से नहीं लौटने के कारण धान खरीदी की तैयारी ठप पड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन खरीदी के तैयारियों की समीक्षा कर रहा है। बीते एक सप्ताह से 2 सौ से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे हैं। चार सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के नेतृत्व में जिले के 2 सौ से अधिक सहकारी समिति के कर्मचारी बीते 27 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। समिति के कर्मचारी 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिसकी सूचना उनके द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से दी गई थी लेकिन किसी तरह की प्रशासनिक पहल नहीं होने की वजह से हड़ताल परजाने के लिए मजबूर हो गए और अब 15 नवंबर से खरीदी की शुरुआत होनी है इसकी तैयारियां बीते एक सप्ताह से चल रही थी। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण पूरी तैयारियां ठप पड़ी हुई हैं। समितियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। इधर जिला प्रशासन खरीदी कार्य में पर कसावट लाने के लिए समितियों के डाटा एंट्री ऑपरेटर से लेकर फड़ प्रभारियों तक को बदलने की कार्यवाही कर चुका है किंतु कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से उसके आगे की कार्यवाही रुकी हुई है।

## सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**कोरबा।** एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पार कर रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परला निवासी विजेंद्र कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 9 नवंबर को रोड किनारे कोठार में क्रेशर से अपने घर की धान मिसाई करवा रहा था। धान मिसाई करवाने के बाद अपने कोठार से नंदू, विकास, कृष्णा साहू, मकुंद लाल लकड़ा के साथ परला रोडपारा एनएच130 मेनरोड को क्रास कर रहे थे मकुंद आगे आगे था रोड के किनारे हाई माक्स लाईट जल रहा था कि रात्रि 8:30 बजे चोटिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी15 डीएफ 1887 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मकुंद लाल लकड़ा को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मुकुंद को गंभीर चोट आयी और आनन फानन में उसे पोड़ी उपरोड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है ।

## तालाब के नाम पर बना दी गई डबरी, हो गया मजदूरी भुगतान

**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत कटबितला विकासखंड कोरबा में सत्र 2024-2025 में बृहस्पति / पंचराम के नाम पर कृषि तालाब निर्माण स्वीकृत हुआ था जिसे पुराने डबरी में सिर्फ मेढ़ बनाकर मजदूरी भुगतान करा दिया गया। जिसमें 1017 दिन कार्य कराया गया जिसमें मजदूरी भुगतान 2 लाख 60 हजार 610 रुपए का मजदूरी भुगतान किया गया जिसमें 84 हजार 355 रुपये का फर्जी मजदूरी भुगतान कराया गया। जिससे सरपंच, सरपंच परिवार सहित अन्य मजदूरी के नाम शामिल हैं। शंकर लाल 32 दिन मजदूरी भुगतान 8284 रूपये, मीथला बाई 16 दिन मजदूरी भुगतान 4108 रूपये, मनोहर 4 दिन मजदूरी भुगतान 1044 रूपये, जानकी बाई 4 दिन मजदूरी भुगतान 1044 रुपये, भागीरथी 16 दिन मजदूरी भुगतान 4108 रूपये, प्रताप सिंह 6 दिन मजदूरी भुगतान 1546 रूपये, मूर्ति बाई 6 दिन मजदूरी भुगतान 1546 रुपये ,सती निर्मलकर 27 दिन मजदूरी भुगतान 6823 रुपये, नेतराम 17 दिन मजदूरी भुगतान 4216 रूपये, लक्ष्मीनारायण 22 दिन मजदूरी भुगतान 5721 रूपये, मनहरण लाल 12 दिन मजदूरी भुगतान 2893 रूपये, संपत प्रसाद, संतोषी बाई धीवर, 50 दिन मजदूरी भुगतान 12917 रूपये, धनीराम , सहोदरा 34 दिन मजदूरी भुगतान 8787 रूपये, रामनारायण निर्मलकर 21 दिन मजदूरी भुगतान 5235 रूपये, नित्यानंद राजवाडे 18 दिन मजदूरी भुगतान 4677 रूपये, अचला कंवर, विजय कुमार कंवर 32 दिन मजदूरी भुगतान 8313 रूपये, राजकुमार , रूखमणी 12 दिन मजदूरी भुगतान 3093 रूपये करा दिया गया जबकि पहले से बना हुआ तालाब में ही मेढ़ का निर्माण कराकर आधे पैसे को फर्जी मजदूरी भुगतान करा दिया गया।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान में आयोजित हुआ जीवन बचाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सडक हादसों में कमी लाने को लेकर यातायात पुलिस अपने स्तर पर काम कर रही है। इसके अलावा कुछ सामाजिक संगठनों को भी उनकी भूमिका के लिए शामिल किया गया है। कुल मिलाकर कोशिश यही है कि सडक पर आवागमन करने वाले लोगों को इतना जागरूक कर दिया जाए कि वे सडक सुरक्षा नियमों को मानने के साथ जीवन के महत्व को समझे। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



अतिथियों को सम्मानित करते संस्था की सदस्य।

कार्यक्रम में जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, यातायात निरीक्षक तेजकुमार यादव और एएसआई मनोज राठौर बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्रह्माकुमारी की संचालिकाओं, डॉ केसी देवनाथ, शेखर ने अपनी बात रखीं। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने सडक सुरक्षा को लेकर बने नियमों और इनके पालन को सभी के लिए आवश्यक बताया। यातायात निरीक्षक तेजकुमार यादव का कहना था कि जरा सी असावधानी लोगों को बड़े खतरे में डाल सकती है और उनके जीवन में संकट आ सकता है। इसलिए यातायात के दौरान हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। एएसआई मनोज राठौर ने कहा कि जिस तरह औद्योगिक स्थलों पर सुरक्षा को लेकर अधिकारी से लेकर कर्मचारी व श्रमिक गंभीरता दिखाते हैं, कुछ ऐसा ही रवैया यातायात के दौरान लोगों को दिखाना चाहिए। उनका कहना था कि जिंदगी ईश्वर का दिया उपहार है और इस मामले में सुरक्षा को लेकर समझौते बिल्कुल नहीं होने चाहिए। कार्यक्रम में पवन, दिलचंद साहू व अन्य उपस्थित थे।

**न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ (छ.ग.) जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एम.ए.सी.टी.192/2024
पेशी तारीख 15/11/2025

लक्ष्मण पटेल ........आवेदक
देवाशिष संवर वगै. ............अनावेदकगण

विरूद्ध

बनाम:- देवाशिष संवर, पिता नरेश संवर, निवासी मकान क्र. 110, रेडा जांजगीर चांपा 495687

आवेदकगण ने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 पेश कर एम.ए.सी.टी. क्रमांक 192/2024, लक्ष्मण पटेल बनाम देवाशिष संवर वगै. में देवाशिष संवर, पिता नरेश संवर, निवासी मकान क्र. 110, रेडा जांजगीर चांपा 495687 को पेपर प्रकाशन के माध्यम से सूचना एवं उपस्थिति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अनावेदक क्रमांक 1 देवाशिष संवर, पिता नरेश संवर, निवासी मकान क्र. 110, रेडा जांजगीर चांपा 495687 न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा। अत: पेपर प्रकाशन के माध्यम से सूचना दिये जाने हेतु निवेदन किया है।

अत: इस नोटिस के जरिये देवाशिष संवर, पिता नरेश संवर, निवासी मकान क्र. 110, रेडा जांजगीर चांपा 495687, (जिसका इससे संबंध हो या जानकारी हो जो अपना पक्ष रखना चाहते हो) को सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत से (जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी प्राप्त हो) सुनवाई दिनांक पेशी तारीख 15/11/2025 को प्रात: 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब सह दस्तावेज प्रस्तुत करें अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि उक्त तिथि को पीठासीन अधिकारी के या पेशी दिनांक को अवकाश में होने या अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा आज दिनांक 10/11/25 को जारी किया गया।

**(जितेन्द्र कुमार जैन)**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**रायगढ़ (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॅाजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री, एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतों की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# दो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही जॉली एलएलबी-3

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की सुपरहिट फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों ने खूब पसंद किया। बॉक्स ऑफिस पर भी 'जॉली एलएलबी 3' ने शानदार कमाई की. दुनिया भर में इस फिल्म ने 162.88 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार किया, जबकि भारत में इसका कलेक्शन 115.85 करोड़ रुपए रहा। अब जो लोग थिएटर में फिल्म नहीं देख पाए, उनके लिए खुशखबरी है। 'जॉली एलएलबी 3' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने जा रही है। यह फिल्म एक नहीं, बल्कि दो प्लेटफॉर्म्स नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## लाइफ Style


# अनीत

## एग्जाम के बाद शुरू करेंगी शक्ति शालिनी की शूटिंग

लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, इससे पहले अनीत कॉलेज के फाइनल ईयर की परीक्षाएं देंगी और इसके बाद वो शूटिंग शुरू करेंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वाईआरएफ के बाद अनीत मैडॉक फिल्म्स की अगली फिल्म में अपना जादू चलाने जा रही हैं, जो एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस साल सिनेमाघरों में धूम मचा चुकी लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुटने जा रही हैं। हालांकि, इस फिल्म की शूटिंग से पहले अनीत पड्डा अपने कॉलेज के फाइनल ईयर के एग्जाम देने जा रही हैं। 'सैयारा' की सक्सेस के बाद से ही फिल्म के लीड एक्टर्स अहान पांडे और अनीत पड्डा ने सफलता की वो बुलंदियां छू ली हैं, जिसे पाने के लिए बड़े-बड़े सितारों को काफी पापड़ बेलने पड़े हैं। अहान अपनी अगली फिल्म में निर्देशक अली अब्बास जफर के साथ काम करने जा रहे हैं जो एक्शन और रोमांस से भरपूर होनेवाली है। वहीं, अनीत पड्डा अब एक हॉरर कॉमिडी फिल्म में कदम रखने जा रही हैं। अनीत जल्द ही एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में दिखने जा रही हैं जिसकी कहानी एक रहस्यमय देवी पर बेस्ड है, जो बुरी आत्माओं से लोगों की रक्षा करती है। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल में हैं और यह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। 'भारत की जेन जी स्टार अनीत दिसंबर–जनवरी में अपने फाइनल-ईयर की परीक्षाएं देंगी।



## हॉलीवुड मसाला




# प्रियंका ने 12 साल बाद गाया गाना

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने 12 साल बाद सिंगिंग में कमबैक किया है, लेकिन अफसोस कि इस बार उनकी तारीफ से अधिक आलोचना हो रही है। एक्ट्रेस ने वॉम के क्लासिक 'लास्ट क्रिसमस' गाने का देसी वर्जन गाया है, जिसे सुन लोग इसे 'भयंकर ऑटोट्यून' और 'एकदम अजीब' बता रहे हैं। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा सिर्फ ग्लोबल एक्ट्रेस ही नहीं, सिंगर भी हैं। साल 2012 और 2013 में उन्होंने दो सिंगल सॉन्स रिलीज किए थे। दोनों को फैंस ने खूब पसंद भी किया था।



# दिखेगी सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा

**मुंबई।** महेश भट्ट की बेटी और निर्माता-निर्देशक पूजा भट्ट फिल्मों में फिर से वापसी कर रही हैं। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की कास्ट का जिक्र किया है। यह फिल्म भारत की पारंपरिक कबूतरबाजी प्रथा पर आधारित होगी। इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के एक्टर नजर आएंगे। पूजा भट्ट ने इंस्टाग्राम पर जितेंद्र कुमार के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'दो दमदार कलाकार। एक गहरी कहानी। अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए बेहद खुश हूं। यह भारत की सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा, कबूतरबाजी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली कहानी है।' पूजा भट्ट की इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के जितेंद्र कुमार नजर आएंगे। इस फिल्म में पूजा भट्ट मां की भूमिका में नजर आएंगी।



# सुनील के लाडले मराठी एक्ट्रेस को रहे डेट

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी ने साल 2021 में फिल्म 'तड़प'से एक्टिंग डेब्यू किया था और वो जल्द ही पिता की फिल्म बॉर्डर के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। अहान शेट्टी 'बॉर्डर 2' में अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इन सबके बीच इन दिनों ये स्टारकिड अपनी डेटिंग लाइफ की वजह से सुर्खियों में छाए हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी इन दिनों मराठी एक्ट्रेस जिया शंकर को डेट कर रहे हैं। हालांकि, कपल अभी तक अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं करना चाहता था। वो दोनों अपने रिश्ते के शुरुआती दौर में हैं और अभी चीजों को प्राइवेट रखना चाहते हैं। लेकिन जिया कई मौकों पर इस बात को स्वीकार कर चुकी हैं कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। जिया शंकर ने भले ही अभी तक अपने बॉयफ्रेंड के नाम का खुलासा नहीं किया है।



# माइकल के टीजर ट्रेलर को मिले रेकॉर्ड तोड़ व्यूज

**लॉस एंजिल्स।** 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। 'माइकल' बायोपिक में 'किंग ऑफ पॉप' की जिंदगी को करीब से देखने का मौका मिलेगा। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं।

## टीवी मसाला



# अभिषेक के बाहर होते ही शहबाज ने अशनूर पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में हर दिन एक नया ड्रामा और एक नया समीकरण देखने को मिलता है। अभी अभिषेक बजाज और नीलम गिरी बाहर हुए ही थे कि अब घर के अंदर फिर से उन कंटेस्टेंट के बारे में चर्चा शुरू हो गई है, जो इस घर में रहना डिजर्व नहीं करते। यह चर्चा शुरू हुई शहबाज बादेशा और गौरव खन्ना के बीच। शहबाज ने जीके से पूछा, आपको क्या लगता है कौन इस घर में रहना डिजर्व नहीं करता। इस पर गौरव खन्ना कहते हैं, वही जो तुम्हें लगते हैं। फिर शहबाज क्लियर करते हैं तुम्हारा मतलब है मालती? इस पर फिर जीके हां में गर्दन हिलाते हैं। गौरव से यह सहमति मिलने के बाद शहबाज कहते हैं, मुझे लगता है कि अशनूर भी डिजर्विंग नहीं है। इस पर जीके कहते हैं, प्रणीत को लगता है कि अशनूर डिजर्विंगग है। लेकिन, जब शहबाज उनकी राय जानने पर जोर देते हैं तो जीके के दिल की बात सामने आती है और वह कहते हैं, ईमानदारी से बताऊं तो मुझे लगता है कि अशनूर से ज्यादा डिजर्विंग बजाज था। बता दें कि बॉटम-3 में अभिषेक बजाज, अशनूर कौर और नीमल गिरी थे। बिग बॉस ने प्रणीत मोरे को ये पावर दी कि वह किस एक सदस्य को बचाना चाहेंगे। इस पर प्रणीत ने अशनूर का नाम लिया और इस अनाउंसमेंट के बाद अगली अनाउंसमेंट यह थी कि अभिषेक बजाज और नीलम गिरी घर से बाहर हो रहे हैं। अभिषेक के एविक्शन के खबर पर अशनूर बुरी तरह रोती नजर आईं. उनका रोना भी लाजमी था क्योंकि इस पूरे सीजन उन्होंने केवल एक ही कंटेस्टेंट से इतनी गहरी दोस्ती बनाई थी। अब देखना होगा कि अशनूर के गेम में क्या बदलाव देखने को मिलते हैं।

## सुपरहीरो 'शक्तिमान' की हो रही वापसी

**नई दिल्ली।** हमारे बचपन का पसंदीदा सुपरहीरो शो, शक्तिमान, एक बिल्कुल नए अवतार में लौट आया है। पॉकेट एफएम ने मुकेश खन्ना के साथ शक्तिमान रिटर्न्स नाम के एक स्पेशल 40-एपिसोड ऑडियो सीरीज में इस शो को वापस लाया है। शक्तिमान के रिवाइवल के बारे में बात करते हुए, मुकेश खन्ना ने कहा कि यह शो युवाओं में सच्चाई, निस्वार्थता और साहस की प्रेरणा देने के लिए बनाया गया है। मुकेश खन्ना ने कहा, ये मूल्य शाश्वत हैं। जब पॉकेट एफएम ने मुझसे कॉन्टैक्ट किया तो मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड था कि ऑडियो के जरिए ये आदर्श कैसे जीवंत होंगे। लेकिन, जिस तरह से उन्होंने इसे एक नई कहानी के साथ, शक्तिमान की आत्मा को वैसा ही रखते हुए, फिर से क्रिएट किया है उसने मुझे सचमुच इम्प्रेस किया है। मुझे शक है कि कोई दूसरा प्रोडक्शन हाउस इस किरदार के साथ इतना न्याय कर पाता। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि शक्तिमान का सार जिंदा रखा गया है।



# 27 साल साथ निभाने वाले 'दादा' को खोकर भावुक हुए अभिषेक

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन के करीबी का निधन हो गया है। वो खास इंसान जो उनके साथ सालों से थे। अब उनके जाने पर एक्टर ने दुख जताया और पोस्ट भी शेयर किया। दरअसल, अभिषेक बच्चन के मेकअप आर्टिस्ट अशोक सावंत का हाल ही में निधन हो गया। सोमवार को अभिनेता ने दुख व्यक्त करते हुए एक पोस्ट साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अशोक सावंत के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए बताया कि वे और अशोक पिछले 27 वर्षों से अधिक समय से साथ काम कर रहे थे। उन्होंने लिखा, 'अशोक दादा ने मेरी पहली फिल्म से ही मेरा मेकअप किया है और वह सिर्फ मेरी टीम का हिस्सा नहीं थे, बल्कि मेरे परिवार जैसे थे. उनके बड़े भाई दीपक करीब 50 साल से मेरे पापा का मेकअप कर रहे हैं।' अभिनेता ने बताया कि अशोक सावंत पिछले कुछ दिनों से बीमार थे, जिस कारण वे सेट पर नहीं आ रहे थे। उन्होंने लिखा, "बीमार होने की वजह से वे सेट पर नहीं रहते थे, लेकिन जब भी मैं शूटिंग कर रहा होता, वे रोज मेरे हालचाल पूछते थे और ध्यान रखते थे कि उनका असिस्टेंट मेरा मेकअप सही से कर



रहा है या नहीं। वे बहुत दयालु और मिलनसार व्यक्ति थे, जिनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती थी। वे अक्सर अपने बैग में रखी हुई स्वादिष्ट नमकीन निकालकर लोगों को बांटते थे। उन्होंने आगे लिखा, कल रात हमने उन्हें खो दिया. मैं अपनी आने वाली फिल्म का पहला शॉट देने से पहले हमेशा उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेता था। अब मैं शॉट से पहले आसमान की तरफ देखूंगा और जानने की कोशिश करूंगा कि आप ऊपर से मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं या नहीं। दादा, आपके प्यार, देखभाल, शालीनता, आपके हुनर और आपकी मुस्कान के लिए धन्यवाद।


# इस हफ्ते आ रहीं सस्पेंस-थ्रिलर और इमोशन से भरी फिल्में-सीरीज...

**नई दिल्ली।** नवंबर का दूसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं होने वाला है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर इस बार आ रहा है रोमांच, रहस्य और भावनाओं का अनोखा मिश्रण। इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज में ऐसे कई नाम शामिल हैं, जिनका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

***दिल्ली क्राइम सीजन 3*** : 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रहा है दिल्ली क्राइम का सीजन 3। दिल्ली पुलिस की दमदार अफसर वर्तिका चतुर्वेदी एक बार फिर लौट रही हैं- इस बार एक ऐसे केस के साथ जो मानव तस्करी के नेटवर्क को उजागर करेगा। शेफाली शाह का किरदार फिर से केंद्र में है, जबकि हुमा कुरैशी इस बार एक रहस्यमयी विलेन के रूप में नजर आएंगी। यह सीजन पिछले दोनों सीजनों से ज्यादा डार्क और इमोशनल बताया जा रहा है। दिल्ली के दिल में बसने वाले इस अपराध की कहानी आपको अंत तक बांधे रखेगी।

***अविहितम*** : 14 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर यह फिल्म दस्तक दे रही है। मलयालम फिल्म 'अविहितम' में उत्तर केरल के एक छोटे गांव की कहानी दिखाई गई है, जहां दोस्तों का एक समूह घूमने जाता है और रास्ते में एक ऐसी घटना घटती है जो सबकी जिंदगी बदल देती है। गांव की रहस्यमयी पृष्ठभूमि और भावनात्मक ट्विस्ट से भरी यह फिल्म सामाजिक रिश्तों की परतें खोलती है। यह कहानी रूरल ड्रामा के साथ-साथ सस्पेंस का भी शानदार मिश्रण है।

***जुरासिक वर्ल्ड: रिबर्थ*** : जियो हॉटस्टार पर 14 नवंबर को आ रही है हॉलीवुड फिल्म जुरैसिक वर्ल्ड रिबर्थ।डायनासोर की दुनिया में एक बार फिर धमाकेदार वापसी होने वाली है।



कहानी एक फार्मा कंपनी के इर्द-गिर्द घूमती है जो डायनासोर के डीएनए से इंसानों की बीमारियों का इलाज ढूंढना चाहती है। लेकिन जब वैज्ञानिकों की टीम एक रहस्यमयी द्वीप पर पहुंचती है, तो शुरू होता है असली खतरा। सस्पेंस, साइंस और एक्शन का ये कॉम्बो फैंस के लिए बड़ा ट्रीट साबित होगा।

***आंटीप्रेन्योर*** : 13 नवंबर को शेमारूमी पर यह गुजराती फिल्म रिलीज हो रही है। 65 वर्षीय जसुबेन की कहानी आपको प्रेरित करेगी और मुस्कुराएगी भी। सुप्रिया पाठक कपूर इस गुजराती फिल्म में एक विधवा का किरदार निभा रही हैं जो अपनी हाउसिंग सोसाइटी बचाने के लिए महिलाओं के साथ मिलकर स्टॉक मार्केट में कदम रखती है। जसुबेन का संघर्ष और उनकी उद्यमशीलता की कहानी एक सशक्त महिला की मिसाल पेश करती है। ये फिल्म हर उस व्यक्ति के लिए है जिसने कभी 'अब बहुत देर हो गई' कहा हो।

## शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में बनाई एक खास जगह

# आज भी हर घर में देखी जाती हैं धर्मेंद्र की ये पांच सुपरहिट फिल्में

***नई दिल्ली। बॉलीवुड में हीमैन के नाम से फेमस धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। आपको बता दें उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती थी। धर्मेंद्र ने एक्शन के साथ-साथ कई रोमांटिक फिल्में भी की हैं और आज भी हर घर-घर में धर्मेंद्र की सुपरहिट फिल्मों को देखा जाता है।***

**आग ही आग** : धर्मेंद्र की ये फिल्म आग ही आग जो 1987 में रिलीज हुई थी और ये एक एक्शन फिल्म है, जिसको आज भी लोग देखना काफी ज्यादा पसंद करते हैं। आपको बता दें ये उस समय की सबसे बड़ी हिट फिल्म है।

**मेरा गांव मेरा देश** : मेरा गांव मेरा देश धर्मेंद्र की ये फिल्म 1971 में आई थी, जो उस समय की सबसे सुपरहिट फिल्मों में से एक रही.फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और आज भी धर्मेंद्र की एक्टिंग को लोग खूब पसंद करते हैं।

**यमला पगला दीवाना** : साल 2011 में आई फिल्म यमला पगला दीवाना धर्मेंद्र की हिट फिल्म साबित हुई, लोगों के दिलों में इसके गाने और फिल्म दोनों ही खास जगह बनाएं हुए हैं।

**दोस्त** : धर्मेंद्र की 1974 में आई फिल्म दोस्त बॉक्स ऑफिस पर एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई. धर्मेंद्र के साथ हेमा मालिनी और शत्रुघ्न सिन्हा भी इस फिल्म में हैं।

**वतन के रखवाले** : धर्मेंद्र की फिल्म वतन के रखवाले 1987 की एक सुपरहिट फिल्म थी, जिसको लोगों ने खूब पसंद किया और आज भी इसे हर घर-घर में देखना पसंद करते हैं।





## इक्कीस में इमोशनल अवतार में आएंगे नजर

धर्मेंद्र बॉलीवुड के शानदार एक्टर हैं। उनकी फिल्म इक्कीस 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड के ही-मैन इमोशनल अवतार में नजर आ रहे हैं और ट्रेलर में उन्हें देखकर जमकर तारीफ भी हो रही है। बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद 1960 के दशक से बॉलीवुड में अपनी धाक जमाए हुए हैं। 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरूआत की और अब उनकी अपकमिंग फिल्म इक्कीस सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। अब जब उनकी फिल्म रिलीज होने जा रही है, इस बीच आप जानते हैं कि धर्मेंद्र की नेटवर्थ कितनी है।

## करोड़ों का है नेटवर्थ

धर्मेंद्र ने 300 फिल्मों के कॅरियर के साथ 335 करोड़ का अंपायर खड़ा किया है। इसके अलावा उन्होंने कई चीजों में निवेश भी किया है, जिनमें कलनरी से लेकर हॉस्पिटल फील्ड शामिल है। धर्मेंद्र ने गरम धरम ढाबा से रेस्टोरेंट बिजनेस शुरू किया था। उन्होंने एक और रेस्टोरेंट खोला, जिसका नाम हीमैन रखा, जो करनाल हाइवे पर है। सोशल मीडिया पर ही उन्होंने 100 एकड़ में बने फार्महाउस की झलक भी दिखाई है। यह शहर से दूर लोनावला में है, जिसमें स्वीमिंग पूल से लेकर एक्वा थैरेपी शामिल है। इसके अलावा धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ की महाराष्ट्र में प्रॉपर्टी भी है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कन्नौजे रजक समाज के ब्रजनाथ अध्यक्ष एवं लोकनारायण चुने गए सचिव



**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति परिक्षेत्र रसेड़ा का सामाजिक आम चुनाव ग्राम दर्रीटांड में कराया गया जिसमें अकलतरा , पोड़ी दलहा, कल्याणपुर दर्रीतांड, तरौद, अमोरा, रसेडा के समाज के लोग उपस्थित रहे। निर्वाचन के दौरान रसेड़ा परिक्षेत्र के संभागीय अध्यक्ष रामेश्वर निर्मलकर, महासचिव गंगे लाल निर्मलकर संभागीय कोषाध्यक्ष लोकनारायण निर्मलकर एवं संभागीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष ईश्वरी कर्ष जिला जिला सचिव नयन भारती एवं संभागीय व जिला पदाधिकारीयों के द्वारा अध्यक्ष पद पर ब्रजनाथ निर्मलकर,सचिव पद पर लोकनारायण निर्मलकर निवासी रसेडा एवं कोषाध्यक्ष पद पर विनोद निर्मलकर निवासी कल्याणपुर को विजयी घोषित किया गया। विजयी प्रत्याशियों को समाज के जगदीश प्रसाद निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, जलाधर निर्मलकर, श्याम निर्मलकर, प्रभु कुमार निर्मलकर उपसरपंच, भूरा निर्मलकर, शिव फल निर्मलकर, फगवा राम निर्मलकर, जागेश्वर, विशेश्वर निर्मलकर, निर्मलकर ,पुंनीराम निर्मलकर एवं रसेड़ा परिक्षेत्र के सभी उपस्थित स्वजनों के द्वारा फूलमाला एवं गुलाल लगाकर सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों के द्वारा समाजिक सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समाज को एकजुट कर सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक उत्थान एवं जागरूकता के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

### रात्रिकालीन डांस प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला आज

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम सिरली के स्कूल चौक में रात्री कालीन बुगी-बुगी डांस प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला का आयोजन बुधवार 12 नवंबर को रात्रि 8 बजे से होगा। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 7 हजार, तृतीय 5 हजार, चतुर्थ 4 हजार, पचंम 3 हजार, षष्टम 2 हजार, सप्तम 15 सौ, अष्टम 1 हजार एवं नवम 5 सौ रुपए दिया जाएगा। इसके अलावा पांच भागीदारी को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। डांस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रवेश शुल्क एकल 100, यूगल 150 एवं ग्रप 200 रखा गया है। अतिथि के रुप में खगेश्वर राठौर उप सरपंच , सुर्य कांत पाडेय, अंजनी हर कुमार सिदार जनपद सदस्य उपस्थित रहेंगे। आयोजन की तैयारी में समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी जुटे हुए है।

### निर्माण कार्या में जीएसटी बिल भुगतान जांच की मांग

**देवरी-सारागांव।** बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत लछनपुर में हुए विभिन्न निर्माण कार्यो की जीएसटी बिल भुगतान के संबंध में सहायक आयुक्त राज्यकर जांजगीर चांपा को जांच के लिए आवेदन दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत लछनपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों में नम्रता राठौर, प्रमोद किराना स्टोर्स, राज स्टील, न्यू जायसवाल ट्रेडर्स, मोतीलाल अग्रवाल, रमेश कुमार निषाद, राहुल कृषि फार्म सहित अन्य लोगों का जीएसटी बिल काटा गया है। इसे लेकर ग्राम पंचायत लछनपुर निवासी अनिल प्रकाश सिंह ने सहायक आयुक्त राज्यकर जांजगीर चांपा को बिल भुगतान के संबंध में जांच के लिए आवेदन संलग्न किया गया है।

## निधन

### हीरालाल सोनी

**चांपा।** स्थानीय स्वर्णकार समाज के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिक सोनारपारा निवासी हीरालाल सोनी



का मंगलवार 11 नवंबर को सुबह निवास पर निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। स्व. सोनी अपने पीछे दो पुत्रों का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को ही अपरान्ह 3 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र रमेश सोनी ने दी।

## उद्यानिकी विभाग के कर्मचारियों की कार्य प्रणाली पर जताई नाराजगी

# एसआईआर के कार्यों को प्राथमिकता से निर्धारित समय सीमा में करें पूर्ण : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार 11 नवंबर को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों को प्राथमिकता से और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। वहीं उद्यानिकी विभाग के फील्ड के कुछ कर्मचारियों द्वारा उन्हें सौंपे गए कार्यों में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई। सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग को संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि वर्तमान में जिले में गणना पत्रकों का वितरण बीएलओ द्वारा डोर टू डोर जाकर किया जा रहा है। जिसके लिए उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ग्राम पंचोयत स्तर पर सरपंच और सचिव की बैठक लेकर उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने कहा। तथा जमीनी स्तर पर आवश्यक सहयोग प्रदान करने कहा। जिससे एसआईआर से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर ने आगामी 15 नवंबर से होने वाले धान खरीदी कार्य के लिए सभी आवश्यक तैयारियां संबंधित अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी धान



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

खरीदी केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था और संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिए जाए। जिससे सुव्यवस्थित धान खरीदी कार्य जिले में कराया जा सके। उन्होंने कहा कि धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता, किसानों की सुविधा और निगरानी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग नोडल अधिकारी स्वयं करें और निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि अवैध धान खपाने वाले कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी नजर रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने अन्य जिलों या राज्यों से धान की अवैध खरीदी, भंडारण या परिवहन पर सख्त नियंत्रण रखने के 'निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के फील्ड के कुछ कर्मचारियों द्वारा उन्हें सौंपे गए कार्यों में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई तथा सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग को संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को उनके विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा समाज कल्याण विभाग से नशा मुक्ति अभियान के लिए फील्ड में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा तहसीलवार विवादित नामंतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य आवश्यक कार्यो की विस्तारपूर्वक जानकारी ली तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा, बालेश्वर राम, के एस पैकरा, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम, मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, डभरा विनय कुमार कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम, प्रितेश राजपूत, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुधाकर बोदले सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## पंचायत भवन खंडहर, दीवारों में दरार, छत से गिर रहा प्लास्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत कचंदा का पंचायत भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। करीब 30 वर्ष पहले निर्मित यह भवन अब खंडहर बन गया है, जिसके चलते पंचायत की बैठक लेने में परेशानी हो रही है । दीवारों में दरारें आ चुकी हैं, छत से प्लास्टर गिर रहा है और भवन उपयोग के लायक नहीं रह गया है। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह भवन अब जोखिमपूर्ण हो गया है।

- ग्राम पंचायत कचंदा में 10 सालों से सामुदायिक भवन में हो रही बैठकें

पंचायत के सरपंच राकेश कुमार राठौर ने बताया कि पंचायत भवन की जर्जर स्थिति के कारण बैठकें और शासकीय कार्य सामुदायिक भवन में लगभग 10 सालों से हो रही हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत की तरफ से नया भवन निर्माण की राशि स्वीकृति के लिए जिला पंचायत में आवेदन दिया हूं लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है। सरपंच ने कहा कि पंचायत के सुचारू संचालन के लिए नया भवन आवश्यक है, जिससे ग्रामवासियों को भी पंचायत संबंधी कार्यों में सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि शीघ्र नया पंचायत भवन स्वीकृति किया जाए , ताकि पंचायत कार्य सुव्यवस्थित ढंग से हो सके और ग्रामवासियों को प्रशासनिक असुविधा का सामना न करना पड़ें। लंबे समय से उपेक्षित यह भवन अब पुनर्निर्माण की प्रतिक्षा में है।

**प्रस्ताव का इंतजार**

पुराना भवन पूरी तरह खंडहर स्थिति में है तो उसका डिस्मेंटल कराकर नया भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जाए। प्रस्ताव मिलते ही जिला पंचायत स्तर पर राशि स्वीकृति के लिए भेज दूंगी।

- **प्रज्ञा यादव,** सीईओ जनपद पंचायत बम्हनीडीह

### नगरपालिका अध्यक्ष की पहल से दिव्यांग हितग्राही को तत्काल मिली ट्राई–साइकिल

**सक्ती।** नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के विशेष प्रयासों से परसदाखुर्द निवासी 77 वर्षीय श्याम लाल पटेल पिता भोगलाल पटेल को समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मिश्रा जी से संपर्क कर हितग्राही को तत्काल ट्राई–साइकिल उपलब्ध कराई गई। लाभार्थी के पास किसी भी प्रकार के शासकीय दस्तावेज मौजूद नहीं थे, लेकिन नगरपालिका अध्यक्ष ने स्वयं आगे आकर सभी आवश्यक सरकारी दस्तावेज तुरंत तैयार करवाए और बिना किसी देरी के ट्राई–साइकिल दिलवाई। ट्राई–साइकिल मिलने के बाद हितग्राही के लिए अब आवागमन आसान हो गया है। सहायता मिलने की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिखाई दी। नगरपालिका अध्यक्ष के इस मानवीय और संवेदनशील कदम की पूरे नगर में प्रशंसा हो रही है। नगरवासी अध्यक्ष के ऐसे जनसेवी कार्यों की सराहना कर रहे हैं।



## सरस्वती सायकल योजना से बेटियों के शिक्षा की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम सेमरा के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमी के पात्र 31 छात्राओं को वितरण किया गया।

वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा में छात्रों को किया नि:शुल्क सायकल वितरण

के सभापति राजकुमार साहू उपस्थित थे, वही अन्य अथिति के रूप में पूर्व सभापति नरेन्द्र कौशिक, ग्राम पंचायत सेमरा सरपंच शिवेन्द्र सिंह, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रघुपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष शिवगोपाल कश्यप उपस्थित थे। उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। यह योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो ना सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि इससे बेटियों की शिक्षा की राह आसान हुई है। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य जेपी साहू व ललित कुमार कश्यप ने सरस्वती सायकल योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन पीएन साहू व्याख्याता किया। कार्यक्रम का संचालन राघवेन्द्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी। साथ ही स्टॉफ नम्रता दुबे, पीली हरवंश, पायश्वनी देवांगन, रेणुका गुप्ता, राघवेन्द्र शर्मा, पारसनाथ यादव, अशोक साहू, नरेश चौहान, शैलेंद्र कश्यप, मुकेश सिंह उपस्थित रहे।



उपस्थित छात्राओं को साइकिल प्रदान करते जिला पंचायत के सभापति।

### सर्व लोहार विश्वकर्मा समाज की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय

**अकलतरा।** सर्व लोहार विश्वकर्मा समाज की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन ग्राम कटनई में मनमोहन विश्वकर्मा अध्यक्ष, पंचराम विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, रामलाल विश्वकर्मा सचिव ,दिलेश्वर विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष ,चंदू राम विश्वकर्मा सह सचिव की उपस्थिति में किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा सर्व लोहार विश्वकर्मा समाज के लोगों को एकजुट करने , जिले के सभी विकासखण्ड में विकास खंड स्तरीय कार्यकारिणी गठित करने, महिला सदस्यों की अलग कार्यकारिणी गठित करने एवं समाज की एक जूताके लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कुछ अध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि सर्व लोहार विश्वकर्मा समाज का एक वृहद कार्यक्रम आगामी समय में किया जाएगा जिसमें केंद्र व राज्य के मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए अगली बैठक बलौदा ब्लॉक में आयोजित किया जाएगा। कुछ लोगों के द्वारा समाज के सदस्यों के बीच भ्रम फैलाने का कार्य किया जा रहा है उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य राहुल विश्वकर्मा, निर्मल कुमार विश्वकर्मा, सोहन लाल विश्वकर्मा, अभी विश्वकर्मा, खंभन विश्वकर्मा, गेंदु राम विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, श्रवण कुमार, मानाराम विश्वकर्मा, शिवराम विश्वकर्मा, किशन विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।


## कथा श्रवण करने से मनुष्य को मोक्ष की होती है प्राप्ति : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दाऊ मुहल्ला में कर्ष परिवार के द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश धारण कर कीर्तन मण्डली बाजे गाजे के साथ चल रही थी।

- कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

मुख्य यजमान श्रीमती छतबाई आनंदराम कर्ष, श्रीमती रजनी राजकमल कर्ष भी कलश धारण किए थे। वहीं बग्गी पर कथावाचक पं राजेन्द्र कुमार शर्मा टेमर सक्ती वाले सवार थे। कलश यात्रा में करीब साढ़े तीन सौ महिला व युवती शामिल थी। कलश यात्रा मुख्य मार्ग होते हुए भाटापारा मां कंकालीन दाई से होते हुए बैक मार्ग, मां चण्डी मंदिर में पानी भरकर रामलीला मण्डली, कहरापारा, साहूमुहल्ला, शांति चौक, दीवान मुहल्ला से पुनः कथा स्थल पहुंची। यहां पं राजेन्द्र शर्मा टेमर वाले को पूजा अर्चना करते हुए यज्ञ स्थल तक ले जाया गया। कथा वाचक पं राजेन्द्र महराज के सहयोगी महराज ने मंत्रोच्चार के साथ बेदीपूजन का आव्हान किया गया । कथावाचक पं राजेन्द्र महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का ज्ञान वैराग्य की प्रसंग पर विस्तार से चर्चा किया। कथा श्रवण करने तीजू साहू, खम्हन प्रसाद, राजेश कुमार कश्यप, देवचंद कश्यप, निलाम्बर सिंह, सौखीपटेल ,खदा कहार, पुनीराम कश्यप ,कुणाल कर्ष, डिकेश कर्ष, राजू कर्ष, उमाशंकर, गौतम, माखन, भोला साहू ,धनंजय साहू, नंदकुमार कश्यप, कमला प्रसाद आदित्य, राधे केशवानी, छोटे लाल, राहूल कश्यप, सौरभ यादव, शुभम कर्ष, राज कश्यप, चंद्रमणि, यशपाल यादव, अजय कश्यप, राम कर्ष, हिमांशु कर्ष, मनोज कश्यप, एकादशियां साहू, रितेश रमणसिह सिंह उपस्थित थे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं युवतियां।

## नरियरा में आयोजित शिविर में 18 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

क्षेत्र की अग्रणी सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन एवं रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में नगर पंचायत नरियरा के रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 18 रक्तविरो ने रक्तदान किया। शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान यातायात सुरक्षा के बारे में भी लोगो को जागरूक किया गया एवं रक्तविरो को प्रोत्साहन स्वरूप हेलमेट वितरण किया गया। शिविर में नरियरा क्षेत्र के ग्राम मुलमुला , व्यासनागर, कोनार, झलमला, बनाहील, के युवाओं ने भाग लिया। शिविर में एक युवा दंपत्ति समीर राठौर एवं उनकी धर्मपत्नी रोहिणी राठौर दोनों के द्वारा रक्तदान कर लोगो के सामने मिसाल पेश की गई। रक्तदान के दौरान ही नगर पंचायत नरियरा के गणमान्य नागरिक, संस्था सदस्य गण एवं आयुष्मान ब्लड बैंक चाम्पा के स्टाफ के द्वारा कार्यक्रम के दिन ही देवलोक गमन पर जाने वाले स्वर्गीय अशोक निर्मलकर, स्वर्गीय अतुल साहू, स्वर्गीय प्रशांत सिंह सेंगर को 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम रियल ग्रोथ स्कूल के स्टाफ, नगर पंचायत नरियरा के स्टाफ, नागरिकगण, वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह,सचिव चिराग शर्मा सदस्य प्रशांत कोटनगले सहित क्षेत्रवासीबड़ी संख्या में उपस्थित थे।



रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

## राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स में जिला स्काउट गाइड टीम ने निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अनुसंधान केंद्र शंकर नगर रायपुर में 4 से 8 नवम्बर तक आयोजित राज्य स्तरीय स्पेशल

- स्काउटिंग गतिविधियों को मिलेगी नई दिशा

कोर्स में जांजगीर-चांपा जिले की टीम ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई।

यह शिविर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, राज्य मुख्य आयुक्त इन्दरजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू के आदेशानुसार संचालित हुआ। शिविर संचालक अशोक कुमार देशमुख के नेतृत्व में संचालक मंडल में खोड़स राम कश्यप, अमित क्षत्रिय, जेरमिना एक्का तथा सहायक संचालक एस.आर. अमित, सुनील देशलहरे और डॉ. पूनम सिंह साहू द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राज्य उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव, एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अशोक सिन्हा के निर्देशानुसार तथा ए.एल.टी. मोहनलाल कौशिक के मार्गदर्शन में जिले से जिला संगठन आयुक्त गाइड कु. श्वेता जायसवाल, श्रीमती नंदनी यादव, नूतन पटेल, मधु पांडेय, प्रभाव वानी, स्नेहलता लकड़ा एवं अशोक कुमार श्याम ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। पांच दिवसीय इस कोर्स में प्रतिभागियों को सेकेट्री एवं ऑर्गनाइजर कोर्स, मैपिंग एवं स्टार गेजिंग, पायनियरिंग एवं स्टीमेशन कोर्स सहित नेतृत्व, प्रबंधन, आधुनिक स्काउट–गाइड संचालन तकनीक और संगठनात्मक दक्षता से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने बताया कि इस प्रशिक्षण से जिले की टीम नई ऊर्जा और नई दिशा लेकर लौटेगी। यह कोर्स जिले के स्काउट–गाइड आंदोलन के लिए गौरवपूर्ण अवसर है, जिससे सेवा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना और सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन से अब जिले की स्काउट–गाइड गतिविधियाँ और अधिक संगठित एवं प्रभावी रूप से संचालित होंगी।



प्रशिक्षण में शामिल जिला संगठन आयुक्त एवं अन्य।

